## अध्याय–19

# जनसांख्यिकीय स्वरूप

### क्षेत्रफल

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र है और इसकी सीमा तीन तरफ से हरियाणा और पूर्व में उत्तर प्रदेश से लगती है। यह 28.24–28.53 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.50–77.20 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित है। दिल्ली का कुल क्षेत्रफल 1483 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से 369.35 वर्ग किलोमीटर ग्रामीण क्षेत्र और 1113.65 वर्ग किलोमीटर शहरी क्षेत्र है। क्षेत्रफल के संदर्भ में यह देश का सबसे बड़ा शहर है। इसकी लंबाई 51.9 किलोमीटर और चौड़ाई 48.48 किलोमीटर है। दिल्ली में 11 जिले हैं, जिनमें 33 तहसील/सब–डिविजन हैं। दिल्ली की दो प्रमुख विशेषताएं यमुना बाढ़ क्षेत्र और रिज (यानी पर्वतमाला) हैं। यह भारत के भूकंपीय आशंकित जोन–IV में स्थित है, जो बड़े भूकंपों का जोखिम दर्शाता है।




### 2. जनसांख्यिकीय प्रवृत्तियां

2.1 दिल्ली देश के सर्वाधिक तेजी से बढ़ रहे शहरों में एक है। शहरीकरण की तीव्र गति के कारण दिल्ली के भू–परिदृश्य में व्यापक बदलाव आया है, जिससे बहुसंख्य ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। दिल्ली में पिछली तीन जनगणनाओं के आधार पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का बदलाव विवरण 19.1 में दर्शाया गया है :

**विवरण 19.1**

**क्षेत्रफल–ग्रामीण और शहरी**

| क्र. स. | क्षेत्र का वर्गीकरण | 1991 | | 2001 | | 2011 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ग कि.मी | प्रतिशत | वर्ग कि.मी | प्रतिशत | वर्ग कि.मी | प्रतिशत |
| 1. | ग्रामीण | 797.66 | 53.79 | 558.32 | 37.65 | 369.35 | 24.90 |
| 2. | शहरी | 685.34 | 46.21 | 924.68 | 62.35 | 1113.65 | 75.1 |
| 3. | कुल | 1483.00 | 100.00 | 1483.00 | 100.00 | 1483.00 | 100.00 |

*स्रोत : भारत की जनगणना, 1991, 2001 और 2011*

2.2 2001–2011 की अवधि में शहरी क्षेत्रों में वृद्धि की वार्षिक दर 20.44 प्रतिशत रही। शहरीकरण की गति ने दिल्ली में गांवों की संख्या कम कर दी है। 1961 में दिल्ली में 300 गांव थे, जो 2001 में घट कर 165 रह गए और 2011 में घट कर 112 रह गए। शहरीकृत गांवों की संख्या 1961 में 20 से बढ़कर 2011 135 में हो गई है। जनगणना कस्बों की संख्या 1971 में 3 थी, जो 1991 में बढ़ कर 29 और 2011 में बढ़ कर 110 हो गई। इस प्रकार विभिन्न जनगणनाओं में दिल्ली के अधिकाधिक ग्रामीण गांवों को निरंतर जनगणना कस्बे घोषित किया जाता रहा है। परिणाम स्वरूप दिल्ली में ग्रामीण आबादी और ग्रामीण क्षेत्र घटते जा रहे हैं।

## 3 जनसंख्या

भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से दशकीय आधार पर कराई जाने वाली जनगणना जनसंख्या आंकड़ा उपलब्ध कराने का एकमात्र स्रोत है। देश में पहली सुनियोजित और एक साथ जनगणना 1881 में कराई गयी थी। इस श्रृंखला की 15वीं और अद्यतन जनगणना 2011 में कराई गई थी, जिसके अनुसार 1 मार्च, 2011 को दिल्ली की आबादी 1 करोड 67 लाख 80 हजार थी जबकि 1 मार्च, 2001 को यह 1 करोड़ 38 लाख 50 हजार थी। 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली की 97.50 प्रतिशत आबादी शहरी इलाकों में और शेष 2.5 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में रहती है। इस शहरी आबादी में 2011 की जनगणना के 110 जनगणना कस्बों की आबादी शामिल है। राजस्व विभाग के रिकार्ड के अनुसार ये जनगणना कस्बे दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं और वे दिल्ली के अधिसूचित शहरी क्षेत्र का हिस्सा नहीं हैं।

## 4. जनसंख्या वृद्धि

4.1 पिछले छह दशकों के दौरान दिल्ली और भारत की जनसंख्या और इसमें हुई वृद्धि विवरण 19.2 में दर्शायी गई है।

### विवरण 19.2
### 1951–2011 के दौरान भारत और दिल्ली की जनसंख्या और उसमें हुई वृद्धि

(लाख)

| क्र.स. | वर्ष | दिल्ली | | भारत | | समस्त भारत की आबादी में दिल्ली का हिस्सा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनसंख्या | वृद्धि (%) | जनसंख्या | वृद्धि (%) | |
| 1. | 1951 | 17.44 | -- | 3610.88 | -- | 0.48 |
| 2. | 1961 | 26.59 | 52.44 | 4392.35 | 21.64 | 0.61 |
| 3. | 1971 | 40.66 | 52.93 | 5481.60 | 24.80 | 0.74 |
| 4. | 1981 | 62.20 | 53.00 | 6833.29 | 24.66 | 0.91 |
| 5. | 1991 | 94.21 | 51.45 | 8464.21 | 23.87 | 1.11 |
| 6. | 2001 | 138.51 | 47.02 | 10287.37 | 21.54 | 1.35 |
| 7. | 2011 | 167.88 | 21.20 | 12108.55 | 17.70 | 1.39 |

*स्रोतः भारत की जनगणना, (प्राथमिक जनगणना सारांश 2011)*

4.2 2001–2011 के दौरान जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 21.2 प्रतिशत रही। दिल्ली की 2011 की जनगणना की यह दशकीय वृद्धि अपने आप में अनूठी रही है क्योंकि 1951 से 1991 तक सभी जनगणनाओं के दौरान जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 50 प्रतिशत से ऊपर और 2001 में 47 प्रतिशत थी। जनसंख्या की इस प्रवृत्ति का श्रेय एक तरफ केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा


चलाए जा रहे मनरेगा जैसे विभिन्न रोजगार प्रोत्साहन कार्यक्रमों और वरिष्ठ नागरिकों तथा विधवाओं के लिए पेंशन जैसे कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और दूसरी तरफ गुड़गांव, फरीदाबाद, सोनीपत, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ आदि एनसीआर प्राथमिकता कस्बों के विकास को दिया जा सकता है, जिनसे दिल्ली में प्रवसन में कमी आई है। पिछले दशक में दिल्ली में जनसंख्या वृद्धि दर राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड की गई वृद्धि दर से 3.5 प्रतिशत अधिक रही है। दिल्ली का क्षेत्रफल देश के क्षेत्रफल का सिर्फ 0.05 प्रतिशत के लगभग है लेकिन यहां की आबादी समूचे देश की आबादी का 1.39 प्रतिशत है।

4.3 विवरण 19.2 से पता चलता है कि राष्ट्रीय जनसंख्या के मुकाबले दिल्ली की जनसंख्या जहां 1951 में 0.48 प्रतिशत थी वहीं यह 2011 में बढ़कर 1.39 प्रतिशत हो गयी।1971–81 में दिल्ली में जनसंख्या वृद्धि की दर 53.00 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई। पिछले दशक में दिल्ली में जनसंख्या वृद्धि दर 2.12 प्रतिशत वार्षिक थी जो राष्ट्रीय स्तर की जनसंख्या वृद्धि दर से 0.35 प्रतिशत अधिक रही। 1951–2011 की अवधि में दिल्ली की जनसंख्या चार्ट 19.1 में दर्शायी गई है।

चार्ट 19.1

दिल्ली की जनसंख्या : 1951–2011

(लाख में)




## 5. जिला–वार जनसंख्या

5.1 1991 की जनगणना के समय दिल्ली को एकल जिला प्रदेश घोषित कर दिया गया था। 1996 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने राजपत्र अधिसूचना द्वारा 9 जिलों और 27 उप–संभागों का गठन कर दिया। 2001 की जनगणना दिल्ली के सभी 9 जिलों और 27 उप–जिलों में कराई गयी थी। 2001 और 2011 की जनगणनाओं के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की जिलावार जनसंख्या विवरण 19.3 में दी गई है।

विवरण 19.3

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की ज़िला–वार जनसंख्या : 2001 और 2011


| क्र.सं | जिले | 2001 | | | 2011 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत | रैंक | संख्या | प्रतिशत | रैंक |
| 1. | उत्तर–पश्चिम | 2860869 | 20.65 | 1 | 3656539 | 21.78 | 1 |
| 2. | दक्षिण | 2267023 | 16.37 | 2 | 2731929 | 16.27 | 2 |
| 3 | पश्चिम | 2128908 | 15.37 | 3 | 2543243 | 15.15 | 3 |
| 4 | उत्तर पूर्वी | 1768061 | 12.77 | 4 | 2241624 | 13.35 | 5 |
| 5. | दक्षिण पश्चिमी | 1755041 | 12.67 | 5 | 2292958 | 13.66 | 4 |
| 6. | पूर्वी | 1463583 | 10.57 | 6 | 1709345 | 10.18 | 6 |
| 7. | उत्तरी | 781525 | 5.64 | 7 | 887978 | 5.29 | 7 |
| 8. | मध्य दिल्ली | 646385 | 4.67 | 8 | 582320 | 3.47 | 8 |
| 9. | नई दिल्ली | 179112 | 1.29 | 9 | 142004 | 0.85 | 9 |
| | कुल | **13850507** | **100.00** | | **16787941** | **100.00** | |

*स्रोतः भारत की जनगणना, (प्राथमिक जनगणना सारांश 2011)*

5.2 विवरण 19.3 से स्पष्ट है कि 2011 में दिल्ली में 53 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी तीन जिलों–उत्तर पश्चिम, दक्षिण और पश्चिमी जिलों में रहती थी। 2001 और 2011 में दिल्ली की जिलावार जनसंख्या चार्ट 19.2 में दर्शायी गई हैं

चार्ट 19.2

दिल्ली की ज़िलावार जनसंख्या– 2001 और 2011




## 6. लिंग अनुपात

6.1 जनसंख्या के सामाजिक–आर्थिक पहलुओं के विश्लेषण के लिए लिंग अनुपात महत्वपूर्ण संकेतक होता है। यह वास्तव में प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या का अनुपात है। 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में स्त्री–पुरुष अनुपात 868 था। पिछले दशक में दिल्ली के लिंग अनुपात में बढ़ोतरी हुई और यह 2001 के 821 की तुलना मे बढ़कर 2011 में 868 पर पहुंच गया। राष्ट्रीय और राज्य, दोनों स्तरों पर इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कन्या भ्रूण हत्या रोकने

और गर्भावस्था में सन्तान का लिंग पता लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जैसे अनेक कड़े उपाय लागू किए गए। 2001 और 2011 के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का जिलावार लिंग अनुपात विवरण 19.4 में दिखाया गया है।

### विवरण 19.4

### 2001 और 2011 के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का जिलावार लिंग अनुपात

| क्र स | जिले | लिंग अनुपात | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2001** | रैंक | **2011** | रैंक |
| 1. | उत्तर पूर्वी | 849 | 1 | 886 | 2 |
| 2. | पूर्वी | 843 | 2 | 884 | 3 |
| 3 | मध्य | 842 | 3 | 892 | 1 |
| 4 | पश्चिम | 830 | 4 | 875 | 4 |
| 5. | उत्तर | 826 | 5 | 869 | 5 |
| 6. | उत्तर पश्चिम | 820 | 6 | 865 | 6 |
| 7. | दक्षिण | 799 | 7 | 862 | 7 |
| 8. | नई दिल्ली | 792 | 8 | 822 | 9 |
| 9. | दक्षिण पश्चिमी | 784 | 9 | 840 | 8 |
| | दिल्ली | **821** | | **868** | |

*स्रोतः भारत की जनगणना, (प्राथमिक जनगणना सारांश 2011)*

6.2 भारत के अधिकांश उत्तरी राज्यों में 2001 और 2011 की जनगणना के लिंग अनुपात के आंकड़ों से चिंताजनक स्थिति का संकेत मिलता है। 2001 और 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तरी राज्यों में लिंग अनुपात विवरण 19.5 में दिया गया है।

### विवरण 19.5

### भारत के उत्तरी राज्यों में लिंग अनुपात–2001 और 2011

| .स. | राज्य | लिंग अनुपात | |
|---|---|---|---|
| | | **2001** | **2011** |
| 1. | जम्मू–कश्मीर | 892 | 889 |
| 2. | हिमाचल प्रदेश | 968 | 972 |
| 3 | पंजाब | 876 | 895 |
| 4. | चंडीगढ़ | 777 | 818 |
| 5 | उत्तराखंड | 962 | 963 |
| 6. | हरियाणा | 861 | 879 |
| 7. | राजस्थान | 921 | 928 |
| 8. | उत्तर प्रदेश | 898 | 912 |
| 9. | दिल्ली | 821 | 868 |
| | भारत | **933** | **943** |

*स्रोतः भारत की जनगणना, (प्राथमिक जनगणना सारांश 2011)*

6.3 नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) में पंजीकृत जन्मों की संख्या के बारे में सूचना विवरण 19. 6 में दी गई है।

### विवरण 19.6
### सीआरएस के अंतर्गत पंजीकृत जन्मों की संख्या–लिंगवार

| क्र.स. | वर्ष | जन्म | | | लिंग अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | पुरुष | महिला | |
| 1. | 2001 | 296287 | 163816 (55.29) | 132471 (44.71) | 809 |
| 2. | 2002 | 300659 | 164184 (54.61) | 136475 (45.39) | 831 |
| 3. | 2003 | 301165 | 165173 (54.84) | 135992 (45.16) | 823 |
| 4. | 2004 | 305974 | 167849 (54.86) | 138125 (45.14) | 823 |
| 5. | 2005 | 324336 | 178031 (54.89) | 146305 (45.11) | 822 |
| 6. | 2006 | 322750 | 176242 (54.61) | 146508 (45.39) | 831 |
| 7. | 2007 | 322044 | 174289 (54.12) | 147755 (45.88) | 848 |
| 8. | 2008 | 333908 | 166583 (49.89) | 167325 (50.11) | 1004 |
| 9. | 2009 | 354482 | 185131 (52.22) | 169351 (47.78) | 915 |
| 10. | 2010 | 359463 | 189122(52.61) | 170341(47.39) | 901 |
| 11 | 2011 | 353759 | 186870(52.82) | 166889(47.18) | 893 |
| 12 | 2012 | 360473 | 191129(53.02) | 169344(46.98) | 886 |
| 13 | 2013 | 370000 | 195226(52.76) | 174774(47.24) | 895 |
| 14 | 2014 | 373693 | 197078(52.73) | 176615(47.26) | 896 |
| 15 | 2015 | 374012 | 197080(52.69) | 176932(47.31) | 898 |
| 16 | 2016 | 379161 | 199358(52.58) | 179738(47.40) | 902 |
| 17 | 2017 | 367046 | 191876(52.28) | 175090(47.70) | 913 |
| 18 | 2018 | 362803 | 188494(51.96) | 174196(48.01) | 924 |
| 19 | 2019 | 365868 | 190527(52.08) | 175267(47.90) | 920 |
| 20 | 2020 | 301645 | 155973(51.71) | 145597(48.27) | 933 |

*स्रोतः आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय, दिल्ली की जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण संबंधी वार्षिक रिपोर्ट*

6.4 नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के अंतर्गत पंजीकृत जन्म विवरण के अनुसार दिल्ली में लिंग अनुपात की सकारात्मक तस्वीर दिखाई देती है। लिंग अनुपात 2001 में 809 था, जो 2020 में बढ़ कर 933 हो गया। 2005 से 2008 की अवधि में लिंग अनुपात में बढ़ोतरी का श्रेय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण के लिए शुरू की गई अनेक योजनाओं को दिया जा सकता है।

## 7. जनसंख्या घनत्व

7.1 दुनिया के विभिन्न स्थानों से आमतौर पर प्राप्त होने वाले तुलनात्मक आंकड़ों को जनसंख्या घनत्व कहते हैं। क्षेत्रफल की प्रति यूनिट आबादी ही जनसंख्या घनत्व होती है। इसे आमतौर पर प्रति वर्ग किलोमीटर में रहने वाले लोगों की संख्या के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली का जनसंख्या घनत्व 11,320 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है जबकि राष्ट्रीय जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। वर्ष 2011 में दिल्ली का जनसंख्या

घनत्व सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में सर्वाधिक था। 2001 और 2011 में दिल्ली का ज़िलावार जनसंख्या घनत्व विवरण 19.7 में दिया गया है।

### विवरण 19.7
### 2001 और 2011 के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का ज़िलावार जनसंख्या घनत्व

| क्र स | जिले | जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग किलोमीटर व्यक्ति) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2001** | रैंक | **2011** | रैंक |
| 1. | उत्तर पूर्वी | 29,468 | 1 | 36155 | 1 |
| 2. | मध्य | 25,855 | 2 | 27730 | 2 |
| 3 | पूर्वी | 22,868 | 3 | 27132 | 3 |
| 4 | पश्चिम | 16,503 | 4 | 19563 | 4 |
| 5. | उत्तर | 13,246 | 5 | 14557 | 5 |
| 6. | दक्षिण | 9,068 | 6 | 11060 | 6 |
| 7. | उत्तर पश्चिम | 6,502 | 7 | 8254 | 7 |
| 8. | नई दिल्ली | 5,117 | 8 | 4057 | 9 |
| 9. | दक्षिण पश्चिम | 4,169 | 9 | 5446 | 8 |
| | दिल्ली | **9340** | | **11320** | |

*स्रोत: भारत की जनगणना, (प्राथमिक जनगणना सारांश 2011)*

7.2 विवरण 19.7 से स्पष्ट है कि दिल्ली के उत्तर–पूर्वी जिले का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक 36155 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है जबकि सबसे कम जनसंख्या घनत्व 4057 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर नई दिल्ली जिले का है। पिछले दशक के दौरान नई दिल्ली जिले में जनसंख्या घनत्व में कमी का रुख रहा और यह 2001 के 5117 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर से घट कर 2011 में 4057 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर रह गया।

## 8. परिवारों का आकार

एक घर में एक साथ रहने वाले लोगों की संख्या को ही आमतौर पर परिवार का आकार कहा जाता है। 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में कुल 3340538 परिवार थे। दिल्ली में परिवार का औसत आकार 5.02 था। इससे संकेत मिलता है कि एक घर में औसतन पांच से अधिक सदस्य शामिल हैं। वर्ष 2011 में पचास प्रतिशत से ज्यादा परिवारों के सदस्यों की संख्या पांच से ज्यादा थी। 2001 और 2011 में दिल्ली में विभिन्न आकारों वाले परिवारों की ब्यौरेवार जानकारी विवरण 19.8 में दर्शायी गई है।

विवरण 19.8

दिल्ली में आकार के हिसाब से परिवारों का वितरण– 2001 और 2011

| क्र.स. | परिवारों का आकार | परिवारों की संख्या | | परिवारों की कुल संख्या का प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2001** | **2011** | **2001** | **2011** |
| 1. | एक सदस्यीय | 99786 | 123106 | 3.90 | 3.70 |
| 2. | दो सदस्यीय | 206925 | 252370 | 8.10 | 7.60 |
| 3. | तीन सदस्यीय | 295216 | 428403 | 11.56 | 12.80 |
| 4. | चार सदस्यीय | 544289 | 803065 | 21.31 | 24.00 |
| 5. | पांच सदस्यीय | 506711 | 681142 | 19.84 | 20.40 |
| 6. | छह से आठ सदस्यीय | 680065 | 853773 | 26.63 | 25.60 |
| 7. | नौ या उससे अधिक सदस्यीय | 221157 | 198679 | 8.66 | 5.90 |
| | कुल परिवार | **2554149** | **3340538** | **100.00** | **100.00** |

*स्रोतः भारत की जनगणना 201.*

## 9. साक्षरता दर

9.1 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में साक्षरता दर 86.02 प्रतिशत थी जबकि 2001 में यह 81.67 प्रतिशत थी। इसमें पुरुषों की साक्षरता दर 90.9 प्रतिशत और महिलाओं की साक्षरता दर 80.8 प्रतिशत थी। दिल्ली में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की साक्षरता दर क्रमशः 81.9 और 86.3 प्रतिशत रही।

## 10. जनसंख्या का आयुवार वितरण

10.1 जनसंख्या का आयुवार वितरण भविष्य की मानव क्षमता, कार्यरत जनसंख्या के दायित्व खासकर अपने बच्चों और वृद्ध माता पिता की देखरेख के दायित्व की गंभीरता का सबसे प्रभावी संकेतक है। दो जनगणना अवधि में दिल्ली की जनसंख्या के आयुवार वितरण का ब्यौरा विवरण 19.09 में प्रस्तुत किया गया है।

विवरण 19.9

दिल्ली की जनसंख्या का आयुवार वितरणः 1991, 2001 और 2011


| क्र. स. | आयु वर्ग | 1991 | | 2001 | | 2011 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 1. | 0-14 | 3273482 | 34.75 | 4492939 | 32.44 | 4565319 | 27.19 |
| 2. | 15-19 | 914871 | 9.71 | 1427979 | 10.31 | 1667375 | 9.93 |
| 3. | 20-24 | 982866 | 10.43 | 1426860 | 10.30 | 1764060 | 10.51 |
| 4. | 25-29 | 956788 | 10.16 | 1358925 | 9.81 | 1668326 | 9.94 |
| 5. | 30-39 | 1438035 | 15.26 | 2211006 | 15.96 | 2753943 | 16.40 |
| 6. | 40-49 | 867731 | 9.21 | 1432467 | 10.34 | 2008410 | 11.96 |
| 7. | 50-59 | 504149 | 5.35 | 759505 | 5.48 | 1196361 | 7.13 |
| 8. | 60 या अधिक | 439520 | 4.67 | 719650 | 5.20 | 1147445 | 6.83 |
| 9. | आयु वर्णित नहीं | 43202 | 0.46 | 21176 | 0.15 | 16702 | 0.1 |
| | कुल | **9420644** | **100.00** | **13850507** | **100.00** | **16787941** | **100.00** |

*स्रोतः भारत की जनगणना, (प्राथमिक जनगणना सारांश 2011)*

10.2 विवरण 19.9 से पता चलता है कि 2011 में दिल्ली की कुल जनसंख्या का एक तिहाई भाग ऐसे बच्चों का था जिनकी आयु शून्य से 14 वर्ष के बीच थी और इसमें प्रतिशत बदलाव की दर भी कम से कम रही। अन्य सभी आयु वर्गों में भी लगभग यही स्थिति थी, यह या तो एक समूह में घनात्मक या सतत आयु वर्गों में ऋणात्मक थी। 2011 में दिल्ली की जनसंख्या का आयुवार वितरण चार्ट 19.3 में दर्शाया गया है।

चार्ट 19.3

दिल्ली में जनसंख्या का आयु वार वितरण–2011



## 11. महानगरों की जनसंख्या

11.1 भारत में महानगरों की जनसंख्या, विवरण 19.11 में प्रस्तुत की गई है।

**विवरण 19.10**

**भारत के कुछ महानगरों की जनसंख्या : 2001 और 2011**


| क्र.स. | महानगर | जनसंख्या (संख्या) | | स्थान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2001 | 2011 | 2001 | 2011 |
| 1. | मुम्बई | 16,434,386 | 18,414,288 | 1 | 1 |
| 2. | दिल्ली | 13,850,507 | 16,787,941 | 2 | 2 |
| 3. | कोलकाता | 13,211,853 | 14,112,536 | 3 | 3 |
| 4. | चेन्नई | 6,560,242 | 8,696,010 | 4 | 4 |
| 5. | बंगलौर | 5,701,456 | 8,499,399 | 6 | 5 |
| 6. | हैदराबाद | 5,742,036 | 7,749,334 | 5 | 6 |

*स्रोतः भारत की जनगणना 2011 (प्राथमिक जनगणना सारांश 2011)*

11.2 विवरण 19.10 से पता चलता है कि जनसंख्या की दृष्टि से महानगरों में दिल्ली 2001 और 2011 में लगातार दूसरे स्थान पर रही। 2001 में मुम्बई की जनसंख्या 1 करोड़ 64 लाख 30 हजार थी, जो दिल्ली की जनसंख्या से 25.8 लाख ज्यादा थी। 2011 में (जनगणना 2011) मुम्बई और दिल्ली की आबादी का अंतर घटकर 16.3 लाख रह गया। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के तेजी से विकास का पता चलता है। 2011 में भारत के महानगरों की जनसंख्या के बारे में जानकारी चार्ट 19.4 में दी गई है।

**चार्ट 19.4**

**भारत के महानगरों की जनसंख्या–2011**



11.3 जैसे जैसे आबादी बढ़ेगी ज्यादा से ज्यादा लोग बड़े शहरों में रहने लगेंगे। बड़ी संख्या में लोग 1 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले बड़े शहरों में रहेंगे जिन्हें मेगासिटी के रूप में जाना जाता है।

## 12. दिल्ली का शहरी–ग्रामीण परिवेश

12.1 21वीं शताब्दी के शुरू में 93 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी शहरी क्षेत्रों में रह रही थी जबकि 1901 में केवल 53 प्रतिशत लोग शहरों में रहते थे। इससे साफ पता चलता है कि राष्ट्रीय राजधानी में शहरीकरण की गति कितनी तेज़ है। इस शताब्दी में दिल्ली में शहरीकरण की गति विवरण 19.11 में दर्शायी गयी है।

**विवरण 19.11**

**1901–2011 के दौरान दिल्ली में शहरीकरण की प्रवृत्ति**

| क्र.स. | जनगणना वर्ष | जनसंख्या (संख्या) | | | वृद्धि (प्रतिशत) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | शहरी | प्रतिशत (शहरी ) | दशकीय | एईजीआर |
| 1 | 1901 | 405819 | 214115 | 52.76 | | |
| 2 | 1911 | 413851 | 237944 | 57.50 | 11.13 | 1.1 |
| 3 | 1921 | 488452 | 304420 | 62.32 | 27.94 | 2.5 |
| 4 | 1931 | 636246 | 447442 | 70.33 | 46.98 | 3.9 |
| 5 | 1941 | 917939 | 695686 | 75.79 | 55.48 | 4.4 |
| 6 | 1951 | 1744072 | 1437134 | 82.40 | 106.58 | 7.3 |
| 7 | 1961 | 2658612 | 2359408 | 88.75 | 64.17 | 5.0 |
| 8 | 1971 | 4065698 | 3647023 | 89.70 | 54.57 | 4.4 |
| 9 | 1981 | 6220406 | 5768200 | 92.73 | 58.16 | 4.6 |
| 10. | 1991 | 9420644 | 8471625 | 89.93 | 46.87 | 3.8 |
| 11 | 2001 | 13850507 | 12905780 | 93.18 | 52.34 | 4.2 |
| 12 | 2011 | 16787941 | 16368899 | 97.50 | 26.83 | 1.92 |

*स्रोत : भारत की जनगणना अस्थाई जनसंख्या आंकड़े, रा.रा.क्षे. दिल्ली श्रृंखला 8, 2011 का पेपर 1*

*नोट :एईजीआर का अर्थ है – वार्षिक घातांक वृद्धि दर*

12.2 दिल्ली में पिछली जनगणना के दौरान जिलावार शहरी और ग्रामीण आबादी की जानकारी विवरण 19.12 में दर्शायी गयी है।

विवरण 19.12

दिल्ली में जिलावार शहरी और ग्रामीण आबादी : 2011

| क्र.स. | जिला | जनसंख्या (संख्या) | | | शहरी आबादी का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शहरी | ग्रामीण | कुल | |
| 1. | उत्तर पश्चिम | 3442589 | 213950 | 3656539 | 94.15 |
| 2. | उत्तर | 870232 | 17746 | 887978 | 98.00 |
| 3 | उत्तर पूर्व | 2220097 | 21527 | 2241624 | 99.04 |
| 4. | पूर्व | 1705816 | 3530 | 1709346 | 99.79 |
| 5. | नई दिल्ली | 142004 | -- | 142004 | 100.00 |
| 6. | मध्य | 582320 | -- | 582320 | 100.00 |
| 7. | पश्चिम | 2536823 | 6420 | 2543243 | 99.75 |
| 8. | दक्षिण पश्चिम | 2149282 | 143676 | 2292958 | 93.73 |
| 9. | दक्षिण | 2719736 | 12193 | 2731929 | 99.55 |
| | **दिल्ली** | **16368899** | **419042** | **16787941** | **97.50** |

*स्रोत : भारत की जनगणना और 2011 की जनगणना के प्राथमिक आंकड़े*

12.3 विवरण 19.12 से पता चलता है कि दिल्ली के दो जिले यानी मध्य और नई दिल्ली में वर्ष 2011 में शत प्रतिशत शहरी आबादी थी। शेष सभी जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरों में रहती थी।

## 13. महत्वपूर्ण दरें

13.1 महत्वपूर्ण दरें ही राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर सर्वाधिक प्रयुक्त आंकड़े हैं, जिनमें आमतौर पर जन्म दर, मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर शामिल हैं, जिन्हें नीचे परिभाषित किया गया है।

क) **जन्म दरः**—जन्म दर किसी जनसंख्या की उर्वरता का एक अशोधित उपाय है और जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। यह किसी दिए गए क्षेत्र और वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित जन्मों की संख्या को इंगित करती है।

ख) **मृत्यु दर** :—मृत्यु दर जनसंख्या परिवर्तन के मूल घटकों में से एक है और संबंधित डेटा जनसांख्यिकीय अध्ययन और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन के लिए आवश्यक हैं। मृत्यु दर मौतों की गणना के सबसे सरल उपायों में से एक है और इसे एक निश्चित क्षेत्र और समय अवधि में प्रति हजार जनसंख्या पर मौतों की संख्या के रूप में परिभाषित किया गया है।

ग) **बाल मृत्यु दर** :—शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), जिसे व्यापक रूप से किसी देश या क्षेत्र के समग्र स्वास्थ्य परिदृश्य के अशोधित संकेतक के रूप में स्वीकार किया जाता है, को किसी निर्दिष्ट क्षेत्र के लिए एक निश्चित समय अवधि में प्रति हजार जीवित जन्मों में शिशु मृत्यु (एक वर्ष से कम) के रूप में परिभाषित किया जाता है।

दिल्ली में महत्वपूर्ण दरों (दोनों नागरिक पंजीकरण प्रणाली और नमूना पंजीकरण प्रणाली) के बारे में जानकारी विवरण 19.13 में प्रस्तुत की गई है।

13.2 नागरिक पंजीकरण प्रणाली में सरकारी कार्यालयों और निर्दिष्ट अधिकारियों के नेटवर्क की मदद से महत्वपूर्ण घटनाओं (जन्म और मृत्यु) को कानूनी रूप से पंजीकृत किया जाता है तथा इनके बारे में पर्याप्त ब्यौरा निरंतर, स्थायी और अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाता है। नागरिक पंजीकरण प्रणाली को जनसंख्या में होने वाले परिवर्तनों को मापने के माध्यम के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। दूसरे शब्दों में कहा जा रहा है कि 10 वर्ष में होने वाली जनगणना से किसी समयविशेष की जनसंख्या की जानकारी उपलब्ध होती है जबकि महत्वपूर्ण आंकड़ों से जनसंख्या के प्रवाह का पता चलता है।

13.3 दिल्ली में, जन्म और मृत्यु का पंजीकरण पांच स्थानीय निकायों अर्थात दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, उत्तरी दिल्ली नगर निगम, पूर्वी दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और दिल्ली छावनी बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।

### विवरण 19.13
### दिल्ली में महत्वपूर्ण दरें : सीआरएस और एसआरएस

| क्र.स. | वर्ष | * वर्ष के मध्य में अनुमानित आबादी (लाख) | महत्वपूर्ण दरें (प्रति एक हजार) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | जन्म दर | | मृत्यु दर | | शिशु मृत्यु दर | |
| | | | सीआरएस* | एसआरएस | सीआरएस* | एसआरएस | सीआरएस* | एसआरएस |
| 1. | 2003 | 144.86 | 20.78 | 17.3 | 6.07 | 5.0 | 17 | 28 |
| 2. | 2004 | 147.68 | 20.72 | 18.4 | 5.76 | 4.7 | 13 | 32 |
| 3. | 2005 | 150.54 | 21.52 | 18.6 | 6.24 | 4.6 | 13 | 35 |
| 4. | 2006 | 153.47 | 21.05 | 18.4 | 6.45 | 4.7 | 18 | 37 |
| 5. | 2007 | 156.45 | 20.58 | 18.1 | 6.46 | 4.8 | 25 | 36 |
| 6. | 2008 | 159.49 | 21.94 | 18.4 | 6.77 | 4.8 | 18 | 35 |
| 7. | 2009 | 162.58 | 21.77 | 18.1 | 6.89 | 4.4 | 19 | 33 |
| 8. | 2010 | 165.74 | 21.66 | 17.8 | 7.48 | 4.2 | 22 | 30 |
| 9. | 2011 | 169.14 | 20.92 | 17.5 | 6.63 | 4.3 | 22 | 28 |
| 10. | 2012 | 172.92 | 20.87 | 17.3 | 6.05 | 4.2 | 24 | 25 |
| 11. | 2013 | 176.70 | 20.94 | 17.2 | 5.50 | 4.1 | 22 | 24 |
| 12. | 2014 | 180.47 | 20.71 | 16.8 | 6.72 | 3.8 | 22 | 20 |
| 13. | 2015 | 184.25 | 20.30 | 16.4 | 6.76 | 3.6 | 23 | 18 |
| 14. | 2016 | 188.03 | 20.16 | 15.5 | 7.53 | 4.0 | 21.35 | 18 |
| 15. | 2017 | 191.82 | 19.13 | 15.2 | 7.10 | 3.7 | 20.83 | 16 |
| 16. | 2018 | 195.61 | 18.55 | 14.7 | 7.44 | 3.3 | 23.81 | 13 |
| 17. | 2019 | 199.40 | 18.35 | लागू नहीं | 7.29 | लागू नहीं | 24.12 | लागू नहीं |
| 18. | 2020 | 203.19 | 14.85 | लागू नहीं | 7.03 | लागू नहीं | 20.37 | लागू नहीं |

**वर्ष 2011 से राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के नवीनतम जनसंख्या अनुमानों के अनुसार संशोधित।*

13.4 विवरण 19.13 से अनुमान लगाया जा सकता है कि सीआरएस के तहत 2003 से 2020 के दौरान दिल्ली की महत्वपूर्ण दरों, शिशु जन्म और मृत्यु दर, दोनों में ही मिश्रित प्रवृत्ति रही है। दूसरी ओर सीआरएस के अनुसार मृत्यु दर में भी मिश्रित प्रवृत्ति दिखाई देती है। एसआरएस प्रणाली के अंतर्गत जन्म दर, मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर तीनों में ही कमी की प्रवृत्ति रही है।

## 14. प्रवासन

14.1 दिल्ली में बाहर से आकर बस जाने वालों की संख्या का अनुमान जन्म और मृत्यु दरों तथा जनसंख्या में कुल वृद्धि पर आधारित है। विवरण 19.14 से पता चलता है कि 2020 में जनसंख्या की संभावित वृद्धि 1.59 लाख थी जबकि बाहर से आकर बसने वालों की संख्या 2.2 लाख अनुमानित थी। 2003 से 2020 के बीच प्रवासन की प्रवृत्ति विवरण 19.14 में दी गई हैं।

### विवरण 19.14
### दिल्ली में बाहर से आकर बसने वालों की संख्या– 2003–2020

(लाख)

| क्र.स. | वर्ष | * वर्ष के मध्य में अनुमानित आबादी | पिछले वर्ष की तुलना में जनसंख्या वृद्धि | कुल | | प्राकृतिक वृद्धि | आब्रजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | जन्म | मृत्यु | | |
| 1. | 2003 | 144.86 | 2.76 | 3.01 | 0.88 | 2.13 | 0.63 |
| 2. | 2004 | 147.68 | 2.82 | 3.06 | 0.85 | 2.21 | 0.61 |
| 3. | 2005 | 150.54 | 2.86 | 3.24 | 0.94 | 2.30 | 0.56 |
| 4. | 2006 | 153.47 | 2.93 | 3.23 | 0.99 | 2.24 | 0.69 |
| 5. | 2007 | 156.45 | 2.98 | 3.22 | 1.01 | 2.21 | 0.77 |
| 6. | 2008 | 159.49 | 3.04 | 3.34 | 1.08 | 2.26 | 0.78 |
| 7. | 2009 | 162.58 | 3.09 | 3.54 | 1.12 | 2.42 | 0.67 |
| 8. | 2010 | 165.74 | 3.16 | 3.59 | 1.24 | 2.35 | 0.81 |
| 9. | 2011 | 169.14 | 3.40 | 3.53 | 1.12 | 2.41 | 0.99 |
| 10. | 2012 | 172.92 | 3.78 | 3.60 | 1.05 | 2.55 | 1.23 |
| 11. | 2013 | 176.70 | 3.78 | 3.70 | 0.97 | 2.73 | 1.05 |
| 12 | 2014 | 180.47 | 3.77 | 3.74 | 1.21 | 2.53 | 1.24 |
| 13 | 2015 | 184.25 | 3.78 | 3.74 | 1.25 | 2.49 | 1.29 |
| 14 | 2016 | 188.03 | 3.78 | 3.79 | 1.42 | 2.37 | 1.41 |
| 15 | 2017 | 191.82 | 3.79 | 3.67 | 1.36 | 2.31 | 1.48 |
| 16 | 2018 | 195.61 | 3.79 | 3.63 | 1.46 | 2.17 | 1.62 |
| 17 | 2019 | 199.40 | 3.79 | 3.66 | 1.45 | 2.21 | 1.58 |
| 18 | 2020 | 203.19 | 3.79 | 3.02 | 1.43 | 1.59 | 2.2 |

*स्रोत : जन्म एवं मृत्यु महापंजीयक कार्यालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार*

**वर्ष के मध्य में अनुमानित आबादी 2011 की जनगणना पर आधारित है।*

*नोट : 1. जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि कुल जन्म और मृत्यु संख्या के अंतर के बराबर होती है।*

*2. बाहर से आकर बसी जनसंख्या प्राकृतिक रूप से बढ़ी और जनसंख्या की कुल वृद्धि के अंतर के बराबर होती है।*

## 15. जनसंख्या अनुमान

### विवरण 19.15
### आयु के अनुसार अनुमानित जनसंख्या 2011–2036

(संख्या '000' में)

| वर्ष | आयु समूह | भारत | दिल्ली | हरियाणा | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब | उत्तराखंड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011 | 0-14 वर्ष | 373893 | 4570 | 7539 | 71892 | 23819 | 7096 | 3134 |
| | 15-29 वर्ष | 334458 | 5041 | 7399 | 55954 | 19275 | 7925 | 2887 |
| | 30-44 वर्ष | 247730 | 3867 | 5187 | 35995 | 12852 | 5940 | 1942 |
| | 45-59 वर्ष | 153236 | 2147 | 3051 | 21178 | 7705 | 3865 | 1228 |
| | 60 और उससे ऊपर | 101538 | 1163 | 2176 | 14792 | 4897 | 2919 | 894 |
| | **सभी आयु समूह** | 1210855 | **16788** | **25351** | **199812** | **68548** | **27743** | **10086** |
| 2016 | 0-14 वर्ष | 362202 | 4498 | 7416 | 70581 | 23570 | 6584 | 2884 |
| | 15-29 वर्ष | 359600 | 5500 | 7997 | 64494 | 21500 | 8157 | 3216 |
| | 30-44 वर्ष | 271914 | 4496 | 5910 | 39642 | 14297 | 6574 | 2187 |
| | 45-59 वर्ष | 179173 | 2688 | 3623 | 24711 | 9091 | 4490 | 1422 |
| | 60 और उससे ऊपर | 118185 | 1496 | 2508 | 16658 | 5784 | 3336 | 1046 |
| | **सभी आयु समूह** | 1291074 | **18677** | **27455** | **216087** | **74240** | **29140** | **10755** |
| 2021 | 0-14 वर्ष | 349990 | 4479 | 7362 | 69468 | 23121 | 6181 | 2708 |
| | 15-29 वर्ष | 371426 | 5791 | 8208 | 68947 | 22722 | 7922 | 3329 |
| | 30-44 वर्ष | 297203 | 5119 | 6735 | 44698 | 16088 | 7309 | 2511 |
| | 45-59 वर्ष | 206817 | 3279 | 4287 | 29021 | 10518 | 5096 | 1640 |
| | 60 और उससे ऊपर | 137570 | 1904 | 2890 | 18772 | 6833 | 3828 | 1208 |
| | **सभी आयु समूह** | 1363006 | **20571** | **29483** | **230907** | **79281** | **30339** | **11399** |
| 2026 | 0-14 वर्ष | 339222 | 4586 | 7254 | 68479 | 22570 | 5871 | 2592 |
| | 15-29 वर्ष | 367415 | 5883 | 8103 | 67450 | 22751 | 7385 | 3227 |
| | 30-44 वर्ष | 324725 | 5761 | 7596 | 52284 | 18290 | 7950 | 2909 |
| | 45-59 वर्ष | 231717 | 3884 | 4941 | 32873 | 11841 | 5644 | 1853 |
| | 60 और उससे ऊपर | 162829 | 2424 | 3407 | 21774 | 8189 | 4468 | 1409 |
| | **सभी आयु समूह** | 1425908 | **22540** | **31299** | **242859** | **83642** | **31318** | **11993** |
| 2031 | 0-14 वर्ष | 323258 | 4723 | 6969 | 62951 | 21204 | 5520 | 2542 |
| | 15-29 वर्ष | 356593 | 5955 | 8041 | 66122 | 22523 | 6900 | 2993 |
| | 30-44 वर्ष | 349924 | 6304 | 8223 | 60579 | 20444 | 8199 | 3242 |
| | 45-59 वर्ष | 255574 | 4513 | 5651 | 36457 | 13237 | 6267 | 2096 |
| | 60 और उससे ऊपर | 193426 | 3056 | 4063 | 25853 | 9789 | 5201 | 1653 |
| | **सभी आयु समूह** | 1478775 | **24552** | **32946** | **251963** | **87198** | **32087** | **12524** |
| 2036 | 0-14 वर्ष | 306374 | 4910 | 6676 | 56989 | 19943 | 5181 | 2436 |
| | 15-29 वर्ष | 345498 | 6081 | 8039 | 65022 | 22224 | 6520 | 2832 |
| | 30-44 वर्ष | 362336 | 6685 | 8472 | 64914 | 21753 | 7990 | 3363 |
| | 45-59 वर्ष | 280642 | 5139 | 6458 | 41385 | 15031 | 6988 | 2416 |
| | 60 और उससे ऊपर | 227438 | 3777 | 4823 | 30680 | 11610 | 5978 | 1928 |
| | **सभी आयु समूह** | 1522288 | **26591** | **34469** | **258990** | **90563** | **32658** | **12974** |

*स्रोत : जुलाई 2020 के जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट,*
*राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार*

## विवरण 19.16
## आयु के अनुसार अनुमानित जनसंख्या 2011–2036

(आंकड़े % में)

| वर्ष | आयु समूह | भारत | दिल्ली | हरियाणा | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब | उत्तराखंड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011 | 0-14 वर्ष | 30.88 | 27.22 | 29.74 | 35.98 | 34.75 | 25.58 | 31.07 |
| | 15-29 वर्ष | 27.62 | 30.03 | 29.19 | 28.00 | 28.12 | 28.57 | 28.62 |
| | 30-44 वर्ष | 20.46 | 23.03 | 20.46 | 18.01 | 18.75 | 21.41 | 19.25 |
| | 45-59 वर्ष | 12.66 | 12.79 | 12.04 | 10.60 | 11.24 | 13.93 | 12.18 |
| | 60 और उससे ऊपर | 8.39 | 6.93 | 8.58 | 7.40 | 7.14 | 10.52 | 8.86 |
| | **सभी आयु समूह** | 100.00 | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** |
| 2016 | 0-14 वर्ष | 28.05 | 24.08 | 27.01 | 32.66 | 31.75 | 22.59 | 26.82 |
| | 15-29 वर्ष | 27.85 | 29.45 | 29.13 | 29.85 | 28.96 | 27.99 | 29.90 |
| | 30-44 वर्ष | 21.06 | 24.07 | 21.53 | 18.35 | 19.26 | 22.56 | 20.33 |
| | 45-59 वर्ष | 13.88 | 14.39 | 13.20 | 11.44 | 12.25 | 15.41 | 13.22 |
| | 60 और उससे ऊपर | 9.15 | 8.01 | 9.13 | 7.71 | 7.79 | 11.45 | 9.73 |
| | **सभी आयु समूह** | 100.00 | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** |
| 2021 | 0-14 वर्ष | 25.68 | 21.77 | 24.97 | 30.08 | 29.16 | 20.37 | 23.76 |
| | 15-29 वर्ष | 27.25 | 28.15 | 27.84 | 29.86 | 28.66 | 26.11 | 29.20 |
| | 30-44 वर्ष | 21.80 | 24.88 | 22.84 | 19.36 | 20.29 | 24.09 | 22.03 |
| | 45-59 वर्ष | 15.17 | 15.94 | 14.54 | 12.57 | 13.27 | 16.80 | 14.39 |
| | 60 और उससे ऊपर | 10.09 | 9.26 | 9.80 | 8.13 | 8.62 | 12.62 | 10.60 |
| | **सभी आयु समूह** | 100.00 | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** |
| 2026 | 0-14 वर्ष | 23.79 | 20.35 | 23.18 | 28.20 | 26.98 | 18.75 | 21.61 |
| | 15-29 वर्ष | 25.77 | 26.10 | 25.89 | 27.77 | 27.20 | 23.58 | 26.91 |
| | 30-44 वर्ष | 22.77 | 25.56 | 24.27 | 21.53 | 21.87 | 25.38 | 24.26 |
| | 45-59 वर्ष | 16.25 | 17.23 | 15.79 | 13.54 | 14.16 | 18.02 | 15.45 |
| | 60 और उससे ऊपर | 11.42 | 10.75 | 10.89 | 8.97 | 9.79 | 14.27 | 11.75 |
| | **सभी आयु समूह** | 100.00 | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** |
| 2031 | 0-14 वर्ष | 21.86 | 19.24 | 21.15 | 24.98 | 24.32 | 17.20 | 20.30 |
| | 15-29 वर्ष | 24.11 | 24.25 | 24.41 | 26.24 | 25.83 | 21.50 | 23.90 |
| | 30-44 वर्ष | 23.66 | 25.68 | 24.96 | 24.04 | 23.45 | 25.55 | 25.89 |
| | 45-59 वर्ष | 17.28 | 18.38 | 17.15 | 14.47 | 15.18 | 19.53 | 16.74 |
| | 60 और उससे ऊपर | 13.08 | 12.45 | 12.33 | 10.26 | 11.23 | 16.21 | 13.20 |
| | **सभी आयु समूह** | 100.00 | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** |
| 2036 | 0-14 वर्ष | 20.13 | 18.46 | 19.37 | 22.00 | 22.02 | 15.86 | 18.78 |
| | 15-29 वर्ष | 22.70 | 22.87 | 23.32 | 25.11 | 24.54 | 19.96 | 21.83 |
| | 30-44 वर्ष | 23.80 | 25.14 | 24.58 | 25.06 | 24.02 | 24.47 | 25.92 |
| | 45-59 वर्ष | 18.44 | 19.33 | 18.74 | 15.98 | 16.60 | 21.40 | 18.62 |
| | 60 और उससे ऊपर | 14.94 | 14.20 | 13.99 | 11.85 | 12.82 | 18.30 | 14.86 |
| | **सभी आयु समूह** | 100.00 | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** | **100.00** |

*स्रोत : जुलाई 2020 के जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट,*
*राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार*

## विवरण 19.17
## आयु के अनुसार अनुमानित जनसंख्या 2011–2036

*(आंकड़े % में)*

| वर्ष | आयु समूह | भारत | दिल्ली | हरियाणा | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब | उत्तराखंड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2011-2021** | 0-14 वर्ष | -6.39 | -1.99 | -2.35 | -3.37 | -2.93 | -12.89 | -13.59 |
| | 15-29 वर्ष | 11.05 | 14.88 | 10.93 | 23.22 | 17.88 | -0.04 | 15.31 |
| | 30-44 वर्ष | 19.97 | 32.38 | 29.84 | 24.18 | 25.18 | 23.05 | 29.30 |
| | 45-59 वर्ष | 34.97 | 52.72 | 40.51 | 37.03 | 36.51 | 31.85 | 33.55 |
| | 60 और उससे ऊपर | 35.49 | 63.71 | 32.81 | 26.91 | 39.53 | 31.14 | 35.12 |
| | **सभी आयु समूह** | 12.57 | **22.53** | **16.30** | **15.56** | **15.66** | **9.36** | **13.02** |
| **2021-2026** | 0-14 वर्ष | -3.08 | 2.39 | -1.47 | -1.42 | -2.38 | -5.02 | -4.28 |
| | 15-29 वर्ष | -1.08 | 1.59 | -1.28 | -2.17 | 0.13 | -6.78 | -3.06 |
| | 30-44 वर्ष | 9.26 | 12.54 | 12.78 | 16.97 | 13.69 | 8.77 | 15.85 |
| | 45-59 वर्ष | 12.04 | 18.45 | 15.26 | 13.27 | 12.58 | 10.75 | 12.99 |
| | 60 और उससे ऊपर | 18.36 | 27.31 | 17.89 | 15.99 | 19.84 | 16.72 | 16.64 |
| | **सभी आयु समूह** | 4.61 | **9.57** | **6.16** | **5.18** | **5.50** | **3.23** | **5.21** |
| **2021-2031** | 0-14 वर्ष | -7.64 | 5.45 | -5.34 | -9.38 | -8.29 | -10.69 | -6.13 |
| | 15-29 वर्ष | -3.99 | 2.83 | -2.03 | -4.10 | -0.88 | -12.90 | -10.09 |
| | 30-44 वर्ष | 17.74 | 23.15 | 22.09 | 35.53 | 27.08 | 12.18 | 29.11 |
| | 45-59 वर्ष | 23.57 | 37.63 | 31.82 | 25.62 | 25.85 | 22.98 | 27.80 |
| | 60 और उससे ऊपर | 40.60 | 60.50 | 40.59 | 37.72 | 43.26 | 35.87 | 36.84 |
| | **सभी आयु समूह** | 8.49 | **19.35** | **11.75** | **9.12** | **9.99** | **5.76** | **9.87** |
| **2021-2036** | 0-14 वर्ष | -12.46 | 9.62 | -9.32 | -17.96 | -13.75 | -16.18 | -10.04 |
| | 15-29 वर्ष | -6.98 | 5.01 | -2.06 | -5.69 | -2.19 | -17.70 | -14.93 |
| | 30-44 वर्ष | 21.92 | 30.59 | 25.79 | 45.23 | 35.21 | 9.32 | 33.93 |
| | 45-59 वर्ष | 35.70 | 56.72 | 50.64 | 42.60 | 42.91 | 37.13 | 47.32 |
| | 60 और उससे ऊपर | 65.33 | 98.37 | 66.89 | 63.43 | 69.91 | 56.17 | 59.60 |
| | **सभी आयु समूह** | 11.69 | **29.26** | **16.91** | **12.16** | **14.23** | **7.64** | **13.82** |

*स्रोत : जुलाई 2020 के जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट, राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार*

15.1 राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत, जनसंख्या अनुमानों से संबद्ध तकनीकी समूह ने नवंबर, 2019 में जनसंख्या अनुमान पर रिपोर्ट तैयार की है। पिछले डेटा का उपयोग करते हुए विभिन्न धारणाओं के आधार पर भावी जनसंख्या परिदृश्य के बारे में अनुमान लगाना एक वैज्ञानिक प्रयास है। जनसंख्या अनुमान लगाने की घटक

विधि सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत विधि है क्योंकि जनसंख्या की वृद्धि प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और प्रवास दर से निर्धारित होती है। इक्कीस राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश पर विचार किया गया है और घटक पद्धति लागू की गई है।

15.2 वर्ष 2011–2036 की अवधि के दौरान भारत की जनसंख्या 121.1 करोड़ से बढ़कर 152.2 करोड़ होने की उम्मीद है–अर्थात् 1.0 प्रतिशत वार्षिक की दर से 25 वर्षों में 25 प्रतिशत की वृद्धि। परिणामस्वरूप, जनसंख्या का घनत्व 368 से बढ़कर 462 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो जाएगा।

15.3 दिल्ली की जनसंख्या 2011–2036 की अवधि के दौरान 167.88 लाख से बढ़कर 265.91 लाख होने का अनुमान है – अर्थात् 2.3 प्रतिशत वार्षिक दर से पच्चीस वर्षों में 58 प्रतिशत की वृद्धि। परिणामस्वरूप, दिल्ली में जनसंख्या का घनत्व 11320 से बढ़कर 17930 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो जाएगा।

15.4 विवरण 19.16 से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि 2011 और 2036 के बीच, घटती प्रजनन क्षमता के कारण, भारत की जनसंख्या में 15 वर्ष से कम आयु के सदस्यों का अनुपात 30.8 से गिरकर 20.1 प्रतिशत होने का अनुमान है; इसके विपरीत मध्यम आयु वर्ग (15– 59 वर्ष) और वरिष्ठ आयु समूह (60 वर्ष और अधिक) के अनुपात में काफी वृद्धि होना तय है। 15–59 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग में जनसंख्या का अनुपात 2011 के 60.7 प्रतिशत से बढ़कर 2036 में 64.9 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

15.5 15 वर्ष से कम आयु की दिल्ली की जनसंख्या का अनुपात 27.22 प्रतिशत से घटकर 18.46 प्रतिशत होने का अनुमान है; मध्यम आयु वर्ग (15– 59 वर्ष) और वरिष्ठ आयु समूह (60 वर्ष और अधिक) के अनुपात में काफी वृद्धि होना तय है। 15–59 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग में जनसंख्या का अनुपात 2011 के 65.85 प्रतिशत से बढ़कर 2036 में 67.33 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

15.6 अखिल भारतीय स्तर पर जनसंख्या में वृद्धि 2021 और 2036 के बीच 11.69 प्रतिशत होने का अनुमान है, जबकि इसी अवधि के दौरान दिल्ली में 29.26 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।